कोटद्वार, मंगलवार
13 मई 2025
वर्ष: 47
अंक: 22 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### सिडकुल में नाम बदलकर युवती से दुष्कर्म

हरिद्वार। सिडकुल में नाम बदलकर एक युवती ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। गर्भवती होने के बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया।

युवती मूलरूप से बिजनौर की रहने वाली है, और बीते जुलाई में ही युवक के संपर्क में आई थी। एसओ मनोहर भंडारी के मुताबिक सिडकुल निवासी युवती ने शिकायत कर बताया कि वह मूलरूप से सिवाय बिजनौर की रहने वाली है। बताया कि वर्ष 2024 जुलाई माह में उसकी मुलाकात मोहित नाम के युवक से हुई, जो रावली महदूद में नितिन की मनी ट्रांसफर की शॉप में काम करता था। इसी माह में युवती ने नितिन की मनी ट्रांसफर शॉप से 40,000 का लोन लिया था, जहां मोहित से जान पहचान हुई।

### चकराता में तीन दिन से एटीएम बंद, लोग परेशान

विकासनगर। छावनी बाजार चकराता के शहीद चौक पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। एटीएम बंद होने से सैकड़ों ग्रामीणों और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों से स्टेट बैंक का एटीएम बंद पड़ा हुआ है।

एक तरफ बैंक की छुट्टी और उस पर खराब एटीएम से लोगों की समस्याएं बढ़ गई है। स्थानीय ग्रामीण चमन सिंह चौहान, रंगकर्मी डॉ. नंदलाल भारती, गुलाब सिंह, पूरन सिंह, मदन सिंह आदि लोगों का कहना है कि वह अपने गांव से खरीदारी करने बाजार आए थे। लेकिन एटीएम से पैसे न निकलने से उन्हें समस्या हुई। कहा कि वह यूपीआई का भी इस्तेमाल नहीं करते हैं। कहा लगातार दो दिन से छावनी बाजार आ रहे हैं। लेकिन एटीएम बंद होने के कारण पैसे नहीं निकल रहे हैं। बताया कि उन्हें उधार लेकर सामान ले जाना पड़ा।

### बाइक खड़ी करने को लेकर खूनी संघर्ष में दस घायल

रुड़की। डाडा जलालपुर गांव में रविवार रात को बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों के बीच लाठी–डंडे से हमला और पथराव भी हुए। इस घटना में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी है। सोमवार को मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने गांव में व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। पुलिस ने बताया कि डाडा जलालपुर गांव में देर रात बाइक खड़ी करने की बातचीत को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई। कुछ ही देर में दोनों पक्ष के लोग आमने सामने आ गए।

इसके बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी–डंडे चले और जमकर पथराव भी हुआ। इसमें दोनों पक्षों के करीब 10 लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष ने पुलिस को बताया कि अक्षय, मोहित, अंशुल कश्यप, रोहित सैनी, शुभम कश्यप घायल हुए हैं। जबकि दूसरे पक्ष से सन्नी, हिमांशु, गंगाराम, रोबिन, सत्यम घायल हुए हैं।

### युवतियों ने पहली बार की रैंप वॉक

देहरादून। उत्तराखंड की प्रतिभा, सुंदरता और आत्मविश्वास को मंच देने के लिए एंबेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से मिस टीन उत्तराखंड –2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसका फर्स्ट लुक सोमवार को जीएमएस रोड स्थित एक होटल में किया गया। इस खास मौके पर गढ़वाल और कुमाऊं के विभिन्न क्षेत्रों की 22 युवतियों ने पहली बार रैंप पर वॉक की। एंबेलिश टैलेंट मैनेजमेंट की ओर से ओर से मिस टीन उत्तराखंड – 2025 के सीजन–4 में युवतियों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस दौरान वॉक कर युवतियों ने अपना इंट्रो मीडिया को दिया। उन्होंने बताया कि फर्स्ट लुक से पहले हुई ग्रूमिंग से उनको बहुत फायदा हुआ है। साथ ही एक आत्मविश्वास भी उनके अंदर आया। इस मौके पर एंबेलिश टेलेंट मैनेजेंट की डायरेक्टर ख्याति शर्मा ने बताया कि यह इवेंट केवल एक सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच है जो इन युवतियों को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देता है। उन्होंने बताया कि फर्स्ट लुक के बाद अलग–अलग सब टाइटल का आयोजन होगा। हालांकि सबके रिजल्ट की घोषणा ग्रैंड फिनाले वाले दिन ही की जाएगी।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत का एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है: मोदी



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के सैनिकों के शौर्य को सलाम किया। पीएम मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत ने पाकिस्तान, आतंकवादियों के साथ खड़ा है।

अगर पाकिस्तान से बात होगी तो आतंकवाद और गुलाम कश्मीर पर ही होगी। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर पर सैन्य कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।

इसके बाद पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत पर 400 से ज्यादा ड्रोन दागे। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस ने सभी ड्रोन को मार गिराया। चार दिनों तक चले सैन्य तनाव के बाद शनिवार शाम दोनों देशों ने सीजफायर का एलान किया।

**भारतीय सेनाओं पर पूरे देश को नाज है: राजनाथ सिंह**

पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम पर संबोधन किए जाने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रख दिया है। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक और नैतिक बल की प्रस्तुति भी है।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की है। भारतीय सेनाओं पर पूरे देश को नाज है। मैं प्रधानमंत्रीजी को उनके सशक्त नेतृत्व के लिए धन्यवाद देता हूं।

## अपने ही प्रोपेगेंडा वार का शिकार हो रहा पाकिस्तान

नई दिल्ली। भारत ने सात मई, 2025 को जब ऑपरेशन सिंदूर जारी किया था, उसके कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान का प्रोपगंडा रफ्तार पकड़ लिया था।

जैसे जैसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की सैन्य ताक को खोखला साबित किया वैसे वैसे यह प्रोपगंडा भी बढ़ता गया। अब जबकि भारत ने सबूतों के साथ पाकिस्तान के तबाह ठिकानों की कलई खोल दी है तो पाकिस्तान सेना का प्रोपगंडा हास्यास्पद स्तर पर पहुंच गया है।

हालात यह है कि दावे तो भारत के कई सैन्य अड्डों पर मारक हमले के हैं लेकिन सबूत के नाम पर कुछ भी नहीं है। हद तो तब हो गई जब रविवार दर रात 12 बजे पाकिस्तान सेना के तीनों अंगों के साझा प्रेस कॉफ्रेंस में तमाम दावे किये गये लेकिन मीडिया को उनकी सत्यता के बारे में पूछने की इजाजत नहीं दी गई। लेकिन जानकारों को इससे कोई आश्चर्य नहीं है।

## विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ नहीं किया जाएगा समझौता : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया निर्माणाधीन मां पूर्णागिरी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नगला तराई, खटीमा में 254 लाख की धनराशि से निर्माणाधीन मां पूर्णागिरी मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था को मंदिर के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने, मंदिर में पानी व शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने समयबद्धता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जो कार्यदायी संस्था अथवा ठेकेदार अच्छा कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोहिया हेड कैम्प कार्यालय में जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा, मेयर काशीपुर दीपक बाली, अनिल कपूर डब्बू, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष बीजेपी कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा उपस्थित थे।

## हरिद्वार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सुरक्षा के भारी इंतजाम

हरिद्वार। वैशाख पूर्णिमा पर हरकी पैड़ी समेत सभी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। देशभर से आए श्रद्धालुओं ने पुण्य की कामना के साथ गंगा में डुबकी लगाई। गंगा स्नान का क्रम दिनभर चलता रहा।

पिछले एक सप्ताह के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी आई थी, लेकिन सोमवार को वैशाख पूर्णिमा पर यह सन्नाटा टूटा है। अपर बाजार सहित हरकी पैड़ी क्षेत्र में काफी चहल–पहल दिखी।

ज्योतिषविद डॉ भगवती बिजल्वाण ने बताया कि इस बार विशाखा नक्षत्र में वैशाख पूर्णिमा का पर्व आया है। यह नक्षत्र बेहद ही फलदायक है। इस दिन भगवान सत्यनारायण, धर्मराज की पूजा होती है। जबकि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख मास में भगवान विष्णु की पूजा करने से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है। इस तिथि को स्नान से पूरे मास में स्नान का फल मिलता है। ऐसी मान्यता है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन ही भगवान



श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को बताया था कि वैशाख मास की पूर्णिमा का व्रत करें तो उनकी दरिद्रता और दुख दूर हो जाएगा।

इसके अलावा बुद्ध पूर्णिमा के रूप में भी वैशाख पूर्णिमा को जाना जाता है। भगवान बुद्ध को भगवान विष्णु के नवम अवतार मानते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध का अवतरण, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में जाना जाता है।

**सुरक्षा के रहे व्यापक प्रबंध**

श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के चाक–चौबंद प्रबंध किए। पूरे मेला क्षेत्र को आठ जोन और 21 सेक्टरों में बांटकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

यातायात की सुचारू व्यवस्था के लिए डाइवर्जन प्लान भी पुलिस ने तैयार किया था। सुरक्षा के लिए जगह–जगह बैरिकेडिंग, निगरानी कैमरे और माइक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से भीड़ नियंत्रण किया जा रहा है।

## जहरीले धुएं के कारण एक परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ी

दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के संगम पार्क इलाके में एक विनिर्माण इकाई में कथित तौर पर जहरीले धुएं के कारण सोमवार को एक परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार संगम पार्क इलाके में ह्यडीएसआईडीसी शेडह्र नंबर 63 में बाइक हॉर्न की विनिर्माण इकाई के मालिक हरदीप सिंह सुबह अपनी पत्नी हरप्रीत कौर (38), बेटे जगदीश सिंह (16) और बेटी हरगुल कौर (15) के साथ शेड में पहुंचे थे। बाद में, पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना के संबंध में सूचना मिली जिसके बाद वह वहां पहुंची तो चारों की हालत खराब थी। उसने बताया कि हरदीप सिंह, जगदीश सिंह और हरगुल कौर को हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि हरप्रीत कौर को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को घटना के बारे में तब पता चला जब पीड़ितों में से एक बच्चे ने अपने रिश्तेदारों को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने पुलिस और आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया।

## थंबी एविएशन की हेली सेवा पर डीजीसीए ने लगाई रोक

देहरादून। बदरीनाथ में हेली अनियंत्रित होने के बाद लिया निर्णयबदरीनाथ हेलीपैड पर उड़ान भरते समय हेलीकॉप्टर अनियंत्रित होने की घटना के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने थंबी एविएशन की हेली सेवाओं पर अग्रिम आदेश तक रोक लगा दी है। अब फाटा से केदारनाथ के लिए थंबी की हेली सेवा का संचालन नहीं होगा। जिन यात्रियों ने केदारनाथ यात्रा के लिए थंबी कंपनी से हेलीकॉप्टर के टिकट बुक कराए हैं। उन्हें दूसरी कंपनी की हेली सेवा में शिफ्ट किया जाएगा।उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में हुए हेलीकॉप्टर हादसे के चार दिन बाद सोमवार को बदरीनाथ हेलीपैड पर थंबी एविएशन का हेलीकॉप्टर उड़ान भरते समय अनियंत्रित हो गया था। हेलीकॉप्टर के पंखे खड़े वाहन से टकरा गए। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टला गया। इस घटना को डीजीसीए ने गंभीरता से लिया और थंबी एविएशन की हेली सेवाओं पर जांच पूरी होने तक रोक लगा दी है।थंबी एविएशन के माध्यम से फाटा हेलीपैड से केदारनाथ धाम के लिए





हेली सेवा संचालित की जाती है। सोमवार को थंबी हेलीकॉप्टर यात्रियों को लेकर बदरीनाथ हेलीपैड पहुंचा। यात्रियों को उतारने के बाद अन्य यात्रियों को बैठा कर फाटा के लिए उड़ान भरते समय हेलीकॉप्टर अनियंत्रित हो गया। थंबी एविएशन से केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए हेली टिकट बुकिंग करने वाले यात्रियों को गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा से अन्य कंपनी की हेली सेवाओं को शिफ्ट किया जाएगा। केदारनाथ हेलीकॉप्टर सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने डीजीसीए की ओर से थंबी एविएशन की हेली सेवाओं पर रोक लगाने की पुष्टि की है।

## हेली टिकट दिलाने के नाम पर आंध्र प्रदेश के यात्रियों से लाखों रुपये की ठगी

रूद्रप्रयाग। आंध्र प्रदेश से केदारनाथ यात्रा पर आए 25 यात्रियों के दल से हेलिकॉप्टर टिकट के लिए लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद लोगों के साथ ही अज्ञात हेली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

सोमवार को गुप्तकाशी पहुंचे पेंटा रत्नाकर निवासी आंध्र प्रदेश ने पुलिस से शिकायत की कि उनका 25 सदस्यीय दल एक ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से चारधाम यात्रा पर आया है। दल से यात्रा पैकेज के साथ केदारनाथ धाम के लिए 15 हजार प्रति व्यक्ति के हिसाब से हेलिकॉप्टर टिकट का किराया भी लिया गया था। रविवार को वह गंगोत्री से गुप्तकाशी पहुंचे तो संबंधित ट्रैवल एजेंसी संचालकों ने उन्हें गुप्तकाशी से



केदारनाथ के लिए हेलिकॉप्टर टिकट दिलाने के लिए 30 हजार रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से अतिरिक्त धनराशि की मांग की। जो उन्होंने संबंधित खातों में ऑनलाइन जमा करा दी। सोमवार को जब वह धाम जाने के लिए तैयार हुए तो उन्हें कोई टिकट नहीं दिया गया।

पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मनीष कुमार निवासी दिल्ली, पोटनोरू रामाराव निवासी गांधीनगर, पारालाकेमुंदी, गजपति ओडिशा और सहारा टूर एंड ट्रैवल्स के मालिक आशीष निवासी करोलबाग, दिल्ली के अलावा अज्ञात हेली कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई है।

## 'भय बिन होई न प्रीति', एयर मार्शल एके भारती ने 'रामचरित मानस' से दिया पाकिस्तान को करारा जवाब

नई दिल्ली। भारत–पाकिस्तान में हुए सीजफायर के बाद सोमवार को इंडियन आर्मी के तीनों प्रमुखों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर प्रेस ब्रीफिंग की। इस दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर की गई कार्रवाई का पूरा ब्यौरा दिया। इसी दौरान एयर मार्शल ए.के. भारती ने रामचरित मानस की एक चौपाई भी पढ़ी 'भय बिन होई न प्रीति' यानी बिना डर के प्रेम नहीं हो सकता है।

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान एयर मार्शल ए.के. भारती ने सबका दिल जीत लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में तीनों सेनाओं के प्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्र से जुड़ी जानकारी साझा की। फिर सवाल–जवाब का सिलसिला शुरू हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले सेना ने जो वीडियो चलाया, उसमें राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियां थीं।

## मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर आरोपित सुलेमान गिरफ्तार

त्यूणी (देहरादून)। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने से गुस्साए भाजपा नेताओं व स्थानीय लोगों ने त्यूणी पुलिस थाने में विरोध प्रदर्शन किया। मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर थाना पुलिस ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले आरोपित सुलेमान खान के विरुद्ध बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले से भारत व पाकिस्तान के बीच संघर्ष के चलते सीजफायर की घोषणा हुई। इस दौरान सीमांत त्यूणी तहसील के मैंद्रथ गांव निवासी आरोपित सुलेमान खान ने रविवार को फेसबुक पर देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने से लोग भड़क



गए।पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया इंटरनेट पर वायरल होने से गुस्साए लोगों ने सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा के नेतृत्व में थाना पुलिस कार्यालय त्यूणी में आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डालने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले आरोपित सुलेमान खान पुत्र तालिब हुसैन निवासी मैंद्रथ के विरुद्ध बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद लोग शांत हुए।

## उत्तराखंड में मानसून को लेकर सामने आया मौसम विभाग का बड़ा अपडेट

देहरादून। उत्तराखंड में करीब एक सप्ताह से अधिक समय से मानसून जैसे हालात हैं। पहाड़ से मैदान तक मध्यम से लेकर तीव्र वर्षा के दौर हो रहे हैं। कहीं–कहीं तो अभी से आपदा जैसे हालात भी बन रहे हैं। पिछले दस दिन में प्रदेशभर में सामान्य से दोगुनी वर्षा हो चुकी है।

हरिद्वार, देहरादून में तो चार गुना वर्षा दर्ज की गई। केवल नैनीताल में ही मेघ सामान्य से कम बरसे हैं। अब जून मध्य में मानसून के उत्तराखंड में दस्तक देने की उम्मीद है। जिससे पहले भी रूक–रूककर वर्षा के दौर हो सकते हैं। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में इन दिनों बौछारों का सिलसिला बना हुआ है।



**मानसून 15 से 20 जून के आसपास पहुंच सकता है**

मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 27 मई तक मानसून केरल के रास्ते देश में प्रदेश करने का अनुमान है। जिसके बाद उत्तराखंड तक का सफर मानसून करीब 20 दिन के आसपास करता है। जिसके अनुसार, इस वर्ष प्रदेश में मानसून 15 से 20 जून के आसपास पहुंच सकता है। जबकि, सामान्य समय भी 20 जून के आसपास ही माना जाता है। इस बार मानसून सीजन में उत्तराखंड में सामान्य से 10 से 20 प्रतिशत अधिक वर्षा रहने का भी अनुमान है।

**बारिश पर जताया ये अनुमान**

वहीं, इस बार एक मार्च से अब तक ग्रीष्मकाल में सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई। जबकि, एक मई के बाद से अब तक 94 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। आने वाले दिनों में पर्वतीय क्षेत्रों में प्री–मानसून शावर तेज हो सकती हैं।कई क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ तीव्र बौछार और तेज हवा चलने का दौर जारी है। दून में भी कहीं–कहीं बौछारें पड़ रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, प्रदेश में मानसून के 15 से 20 जून के आसपास पहुंचने की उम्मीद है। जो कि सामान्य के करीब ही माना जाएगा।

**उत्तराखंड को खूब भिगा सकते हैं प्री–मानसून शावर**

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, एक मार्च से 31 मई तक प्री–मानसून सीजन होता है। इसके बाद एक जून से 30 सितंबर तक मानसून का सीजन माना जाता है।

## सेना ने दिए पाकिस्तानी की बर्बादी के वीडियो

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भारतीय सेना ने दूसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बीते दिन की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान एयरबेस की कुछ तस्वीरें साझा की गईं थीं। वहीं आज फिर सेना ने नूर खान एयरबेस और रहीमयार एयरबेस का वीडियो साझा किया है।

नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एयर मार्शल एके भारती ने रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस में ब्लास्ट का वीडियो दिखाया। साथ ही उन्होंने पंजाब के रहीमयार खान एयरबेस के रनवे का भी वीडियो साझा किया है।

## कारोबारी ने पत्नी–बेटा–बेटी संग पिया जहर, बच्चों की मौत, दंपती गंभीर

दिल्ली । भारत नगर के संगम पार्क औद्योगिक क्षेत्र स्थित बाइक का हार्न बनाने वाली फैक्टरी के संचालक ने सोमवार सुबह पत्नी, बेटा और बेटी के साथ जहरीला पेय पदार्थ पी लिया। सभी को अचेत अवस्था में इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों बच्चों ने दम तोड़ दिया। जबकि दंपती की हालत नाजुक बनी हुई है। इनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरुआती पूछताछ में आर्थिक तंगी की वजह से कारोबारी के परेशान होने की बात सामने आई है।

**उपचार के दौरान बच्चों ने तोड़ा दम**

कारोबारी हरदीप सिंह पत्नी हरप्रीत कौर, बेटा जगदीश सिंह, बेटी हरगुल कौर, पिता उजागर सिंह और मां के साथ चंदर विहार में रहते हैं। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म ने बताया, सोमवार सुबह करीब नौ बजे भारत नगर थाना पुलिस को संगम पार्क स्थित फैक्टरी में चार लोगों के अचेत पड़े होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने हरदीप और उनके दोनों बच्चों को हिंदू राव अस्पताल जबकि उनकी पत्नी हरप्रीत कौर को दीपचंद बंधू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान दोनों बच्चों की मौत हो गई।

**पुलिस को मिला संतरी रंग का केमिकल और चार गिलास**

पुलिस ने मौके पर क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम को मौके से संतरी रंग का केमिकल और चार ग्लास मिले हैं। जांच में पता चला है कि कारोबार में घाटा होने की वजह से हरदीप आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे।

## सम्पादकीय

### भ्रामक सूचनाओं पर लगाम

किसी भी विषय को लेकर मीडिया की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ समय में मीडिया का आकार काफी बदल गया है खासतौर से इंटरनेट एवं सैटेलाइट टीवी चैनलों के शुरू होने के बाद तो पत्रकारिता और खबरों के मायने ही बदल गए। यह सच है की मीडिया एक ऐसा सबसे मजबूत माध्यम है जो सबसे कम समय में किसी भी बात को पहुंचाने की ताकत रखता है, लेकिन यही जब चाटुकारिता और व्यवसायिकता की भेंट चढ़ जाए तो समझ लेना चाहिए कि विषय और मूल सिद्धांतों का भी हनन शुरू हो चुका है। पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा ऑपरेशन चलने से लेकर पाकिस्तान के खिलाफ शुरू की गई जंग को जिस प्रकार से भारतीय मीडिया ने पेश किया वह काफी चिंताजनक है। सत्यता एवं वास्तविकता को दरकिनार करते हुए टीवी चैनलों के बीच केवल और केवल खबरों को सनसनीखेज बनाने तथा टीआरपी बैठने की और नजर आई। हैरानी की बात तो यह है की दो देशों के बीच छड़ी जंग की संवेदनशीलता को देखने के बाद भी मनमर्जी की भ्रामक खबरों पर सरकार ने ना तो रोक लगाई और ना ही इन्हें चेतावनी दी गई। इसके विपरीत सोशल मीडिया पर जरूर युद्ध के कारण फेक खबरें प्रसारित हुई जिनकी हकीकत जनता के सामने रखने का कार्य जरूर प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो ने किया। लेकिन प्रश्न फिर वही खड़ा होता है कि क्या निजी चैनल हो कि यह मनमानी और अनर्गल समाचार प्रसारित किए जाने का क्रम आखिर कब थमेगा। दोनों देशों के बीच हम लोग की शुरुआत के बाद इनेलो ने भारतीय सेवा को लाहौर और इस्लामाबाद तक पहुंचा दिया जिससे सीधे तौर पर टीवी चैनलों की क्रेडिबिलिटी कम हुई है। तमाम चैनल पहले ही तमाम व्यंग्यआत्मक नाम से संबोधित किया जा रहे हैं उस पर जंग की कवरेज ने तो उनकी पूरी भूमिका और प्रोटेक्टेड स्क्रिप्ट पर ही सवाल खड़े कर दिए। मीडिया का काम बेहद संवेदनशील है और प्रत्येक चैनल समाचार पत्र या दूसरे न्यूज़ माध्यमों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए की कोई भी ऐसी भ्रामक खबर सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए प्रसार इतना किया जाए जिनके पीछे कोई सत्यता ही ना हो। सरकार को भी पत्रकारिता के सिद्धांतों को समझते हुए भ्रामक खबर प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# घोटाले या भ्रष्टाचार के आरोप, एक राजनीतिक मकसद

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 का लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़ा था। तब भाजपा के बड़े नेता सुषमा स्वराज और अरुण जेटली कांग्रेस पर हमले की कमान संभालते थे। पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, प्रकाश जावडेकर, रविशंकर प्रसाद, मीनाक्षी लेखी जैसे प्रवक्ता थे, राजनाथ सिंह पार्टी के अध्यक्ष थे और सबसे ऊपर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर चुनाव लड़ रहे थे। सबने मिल कर यह माहौल बनाया था कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। भ्रष्टाचार का नैरेटिव आम लोगों तक पहुंचना के लिए दो जुमले गढ़े गए थे।

एक जुमला था 'धरती, आकाश और पाताल तक का घोटाला' और दूसरा जुमला था 'ए टू जेड घोटाला'। भाजपा के नेता अंग्रेजी अल्फाबेट के हर अक्षर से एक घोटाला बनाए हुए थे, जिसका आरोप कांग्रेस पर लगाया जा रहा था। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लड़े गए इस चुनाव में पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनी। तब से भाजपा तीन बार सरकार बना चुकी है लेकिन 'ए टू जेड घोटाले' से जुड़े मामलों में एक लालू प्रसाद को छोड़ कर किसी व्यक्ति को सजा नहीं हुई है। उलटे एक एक करके घोटालों की जांच बंद हो रही है और आरोपी बरी होते जा रहे हैं।

भाजपा की ओर से गिनाए गए 'ए टू जेड घोटाले' में 'सी फॉर कॉमनवेल्थ' घोटाला होता था। इस घोटाले के मुख्य आरोपी कांग्रेस के तत्कालीन सांसद और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष सुरेश कलमाडी थे। आरोप लगा था कि उन्होंने दिल्ली में 2010 में हुए कॉमनवेल्थ खेल आयोजन में घोटाला किया था।

फॉर्मूला वन रेस को लेकर भी उन पर आरोप लगे थे लेकिन भाजपा का फोकस 'सी फॉर कॉमनवेल्थ' घोटाले पर ही था। तब की मनमोहन सिंह सरकार ने इस मामले में सीबीआई जांच शुरू कराई और ईडी की जांच भी शुरू हुई। कलमाडी जेल गए और उनका राजनीतिक करियर समाप्त हो गया।

अब स्थिति यह है कि दोनों एजेंसियों की जांच समाप्त हो गई है। 15 साल बाद दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कलमाडी पर लगे धन शोधन के आरोपों में ईडी की ओर से दायर क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। इससे पहले सीबीआई ने 2014 में ही क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी, जिसे 2016 में स्वीकार कर लिया गया था।

इस तरह भ्रष्टाचार का मूल मामला 2016 में बंद हुआ था और धन शोधन का मामला 2025 में बंद हो गया। कथित घोटाले के 15 साल बाद कह सकते हैं कि कोई घोटाला नहीं हुआ था और कलमाडी ने कोई गलती नहीं थी। उलटे उन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों का शानदार आयोजन किया था। उनके खिलाफ जो भी थोड़ी बहुत कार्रवाई हुई वह उनकी अपनी पार्टी की सरकार ने ही कराई।

ऐसा नहीं है कि यह इकलौता मामला है, जिसे भाजपा ने बड़े जोर शोर से उठाया और आरोपियों को क्लीन चिट मिल गई। भाजपा ने जो सबसे बड़ा मुद्दा उठाया था वह संचार घोटाले का था। भाजपा की 'ए टू जेड' की सूची में 'टी फॉर टेलीकॉम' घोटाला था।

तत्कालीन सीएजी विनोद राय ने 2जी स्पेक्ट्रम के आवंटन में गड़बड़ी का आरोप लगाया था और दावा किया था कि इससे सरकार को एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है।



इस एक लाख 76 हजार के अनुमानित नुकसान और घोटाले के आरोप इतनी जोर शोर से लगाए गए कि तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के संचार मंत्री और घोटाले के आरोपी ए राजा को पद से हटाया गया और उनको गिरफ्तार किया गया।

यूपीए के घटक दल डीएमके के नेता करुणानिधि की सांसद बेटी कनिमोझी भी जेल गईं। कई बड़ी कंपनियों के बड़े अधिकारी जेल गए। लेकिन आरोप लगने के छह साल बाद 2017 में दिल्ली की विशेष अदालत ने सीबीआई और ईडी के मामले में ए राजा और कनिमोझी सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया। हालांकि उसके छह साल बाद मार्च 2024 में हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली और इस मामले की फिर से जांच के आदेश दिए।

लेकिन हकीकत यह है कि सारे आरोपी बरी हो गए। ए राजा और कनिमोझी सांसद बने और अब तो ए राजा तो लोकसभा के पीठासीन अधिकारियों की सूची में हैं यानी वे कभी कभी लोकसभा की कार्यवाही का संचालन भी करते हैं।

संचार की तरह दूसरा बड़ा घोटाला कोयला घोटाला था। भाजपा की 'ए टू जेड' की सूची में 'सी फॉर कोयला' घोटाला होता था। जिस तरह से संचार घोटाले में एक लाख 76 हजार करोड़ रुपए के अनुमानित नुकसान का आकलन किया गया था उसी तरह कोयला घोटाले में तीन लाख 30 हजार करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान जाहिर किया गया। 2006 से 2008 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रहे मधु कोड़ा से लेकर भारत सरकार के तत्कालीन कोयला सचिव एचसी गुप्ता तक इस मामले में आरोपी थे।

इस घोटाले की आंच मनमोहन सिंह तक पहुंची थी क्योंकि थोड़े समय तक कोयला मंत्रालय उनके पास भी था। अब स्थिति यह है कि दिल्ली की एक विशेष अदालत ने अप्रैल 2025 में एचसी गुप्ता और केएस क्रोफा को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया। अदालत ने कहा कि उन्होंने कोई रिश्वत नहीं ली थी। उनके ऊपर गुमराह करने के आरोपों को भी अदालत ने खारिज कर दिया। बाकी आरोपियों का बरी होना भी महज वक्त की बात है।

भाजपा के ए टू जेड घोटालों की सूची आदर्श घोटाले से शुरू होती थी। 'ए फॉर आदर्श' घोटाला। इस मामले में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मुख्य आरोपी थी। उनके ऊपर आरोप लगाया गया था कि कारगिल शहीदों के लिए सरकारी जमीन पर बनी आदर्श सोसायटी में बड़ा घोटाला हुआ और दूसरे लोगों को फ्लैट आवंटित किए गए। इस घोटाले के मुख्य आरोपी अशोक चव्हाण अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसलिए उनका सभी आरोपों से बरी होना महज वक्त की बात है।

भाजपा की सूची में 'एम फॉर मधु कोड़ा' घोटाला कहा जाता था। उनके खिलाफ भी कोई आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है और वे भी अपनी पत्नी के साथ भाजपा में शामिल हो गए हैं। सो, आदर्श से लेकर बोफोर्स और कॉमनवेल्थ से लेकर केतन पारिख और यूटीआई घोटाले से लेकर वेस्टलैंड अगस्ता तक सभी मामलों में या तो आरोपी बरी हो गए हैं या आरोपी भाजपा में शामिल हो गए हैं या मामलों की फाइल कहीं दबी पड़ी है। ले देकर एक लालू प्रसाद को सजा हुई। लेकिन वह भी इसलिए हो पाई क्योंकि उस मामले की जांच 1997 से चल रही थी और 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने तक सारी जांच होकर मामला अदालत में पहुंच चुका था, जहां सबूत पेश हो चुके थे और गवाहियां हो चुकी थीं। दूसरे, मामले को अदालत तक ले जाने वाले जदयू नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह लगातार इस मामले को फॉलो कर रहे थे।

केंद्र में मोदी की सरकार बनने के बाद लालू प्रसाद के ऊपर जो आरोप लगे हैं उनमें से किसी में उनको सजा नहीं हूई है। पुराने मामले में सजा का कारण यह भी था कि लालू प्रसाद कभी भाजपा के साथ नहीं जा सकते थे और उनको सजा होने का राजनीतिक लाभ बिहार में था।

सोचें, भारत की क्या नियति है? क्या विडम्बना है? यहां जितने भी घोटाले खुलते हैं या भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं उनके पीछे एक राजनीतिक मकसद होता है और घोटालों की जांच जारी रहने या बंद हो जाने के पीछे भी राजनीतिक मकसद होता है। भारत में कानून के राज की बात होती है लेकिन जांच और कानून की प्रक्रिया से गुजर कर शायद ही किसी बड़े राजनेता को सजा होती है।

अगर एकाध लोगों को सजा हुई है तो वह भी अपवाद ही है। यह भी विडम्बना है कि जो पार्टी भ्रष्टाचार के आरोप लगा कर चुनाव जीतती है वह भी उन आरोपों को साबित करने और दोषियों को सजा दिलाने के लिए कुछ नहीं करती है। उलटे उन आरोपियों के सर पर जांच और गिरफ्तारी की तलवार लटका अपना राजनीतिक हित साधती है।

नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि वे ऊपर से सफाई शुरू करेंगे यानी पहले नेताओं, अधिकारियों को सजा दिलाएंगे लेकिन उनके शासन के 11 साल बीत गए और उनके कार्यकाल में शुरू हुई किसी जांच में किसी को सजा नहीं हुई है। देश के लोगों को भी इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# आत्मघात की शिकार हो रहे छात्र

**ललित गर्ग**

टॉपर संस्कृति के दबाव और अव्वल आने की होड़ में छात्रों द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना गंभीर समस्या है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव और शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल में छात्रों की लगातार दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली में अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं।

निश्चित रूप से छात्र–छात्राओं के लिए घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केंद्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन–पर–दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं कीं।

विडंबना यह है कि बार–बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वादे करते रहते हैं। निस्संदेह, ऐसे खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिए घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिए बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिए रैंकिंग से जोडना कालांतर में अन्य छात्रों को भी निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए जो विभिन्न क्षेत्रों में रु चि रखने वाले युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में रोजगार अवसर पैदा कर सके।

आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है, जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में भी 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मान कर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक, ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग–अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र–छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढना हमारे नीति–निर्माताओं के लिए चिंता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लंबे–चौड़े दावे करने वाली सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिए जाना जाता है, वहां के शिक्षा–संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल–चूल पर्वितन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल, जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रह कर उनमें आशा का संचार कर सके।

## जल बंटवारे का विवाद

पानी बंटवारे को लेकर हरियाणा–पंजाब में फिर ठन गई है। आप शासित पंजाब अपनी जरूरतों और मौजूदा जल स्तर को लेकर भाजपा शासित हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने का विरोध कर रहा है। हरियाणा अपने हिस्से का साढे तीन मिलियन एकड़ फीट पीने का पानी सतलुज–यमुना लिंक नहर को देने की मांग कर रहा है, और पंजाब को सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने की हिदायत भी दे रहा है जबकि पंजाब लगातार साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी न होने की दुहाई दे रहा है। 214 किमी. लंबी इस नहर की परिकल्पना रावी–ब्यास नदियों के जल को दोनों राज्यों के दरम्यान बांटने के लिए की गई थी जिसमें 122 किमी. पंजाब में और बाकी 92 किमी. हरियाणा में बनाया जाना था। हरियाणा परियोजना को पूरा कर चुका है, जबकि पंजाब ने 1982 से चालू इस निर्माण को लटका कर रखा है। पंजाब सरकार का कहना है, धान की बुआई के मौसम में उसे अतिरिक्त पानी की जरूरत है, और यह भी कि हरियाणा अपने हिस्से का पानी पहले ही ले चुका है। हरियाणा 8,500 क्यूसेक पानी की मांग कर रहा है, जबकि पंजाब उसे चार हजार क्यूसेक पानी पीने के लिए मुहैया करा रहा है। जल बंटवारे के विवाद को राजनीति से प्रेरित बताया जा रहा है।पंजाब ने हरियाणा पर केंद्र में अपनी सरकार होने के चलते उसे जबरन दबाने के प्रयास के आरोप भी लगाए हैं। नदियों के जल–बंटवारे को लेकर देश भर में अंतरराज्यीय विवादों की स्थिति बनी रहती है। केंद्र और शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बावजूद राज्यों के दरम्यान संतुलित बंटवारा संभव नहीं हो सका है। राज्यों के बीच जल बंटवारे को लेकर न सिर्फ तनाव बढ़ता है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक व पर्यावरणीय संकट भी बढ़ता जाता है। केंद्र का जिम्मा है कि पंजाब सरकार को उक्त नहर के निर्माण के लिए राजी करे और जितनी मदद हो सके देने की व्यवस्था भी करे। विभिन्न राज्यों को नदियों के जल बंटवारे के लिए भिडने की बजाय जल संरक्षण, भूजल के सदुपयोग और बरसाती पानी के भंडारण के समुचित सुझाव भी दिए जाएं। पूर्वाग्रहों और व्यवस्थागत विकल्पों के अभाव में उपज पर पडने वाली मार तथा पेयजल संकट देश का अहितकारी साबित हो सकता है।

# सितारे जमीन पर की रिलीज डेट आगे बढ़ी



सुपरस्टार आमिर खान तीन साल बाद बड़े पर्दे पर फिल्म सितारे जमीन पर से वापसी कर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने अपने होम प्रोडक्शन में बनी फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट का एलान किया था और साथ ही एक पोस्टर भी शेयर किया था. फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट 20 जून 2025 तय की गई थी, जो अब भारत–पाक के बीच तनाव के चलते आगे खिसका दी गई है. फिल्म अब 20 जून को रिलीज नहीं होगी, लेकिन मेकर्स ने फिल्म की अभी नई रिलीज डेट का भी एलान नहीं किया है.सितारे जमीन पर की रिलीज डेट को आगे खिसकाने पर प्रोडक्शन से जुड़े करीबियों ने पुष्टि करते हुए कहा है, भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते आमिर खान प्रोड्क्शन हाउस ने फिल्म के ट्रेलर और रिलीज डेट को आगे करने का फैसला लिया है, हम इस वक्त अपनी सेना के सपोर्ट में पूरे दिल से खड़े हैं, बतौर जिम्मेदार नागरिक हमारी ड्यूटी अभी देश की सुरक्षा में भागीदारिता की है. बता दें, सितारे जमीन पर आमिर खान की डेब्यू डायरेक्शनल फिल्म तारे जमीन पर का आध्यात्मिक सीक्वल है. हाल में फिल्म का पोस्टर शेयर किया गया था, जिसमें 10 नए कलाकार नजर आए थे, जो अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं. इस फिल्म से आमिर खान अरौश दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, संवित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शाहनी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर को बॉलीवुड में लॉन्च करने जा रहे हैं.

## वीडी14 और किंगडम के बाद में एसवीसी 59 में नजर आएंगे विजय देवरकोंडा



साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपने 36वां जन्मदिन के मौके पर उन्होंने अपने फैंस को रिटर्न गिफ्ट में अपनी आगामी तीन फिल्मों के शानदार लुक शेयर किए हैं, जिनमें वीडी14, किंगडम के बाद में एसवीसी 59 का लुक शामिल है। विजय देवरकोंडा ने आज अपने जन्मदिन के खास मौके पर एक्स पर अपनी तीन आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्मों के लुक शेयर किए हैं, जिनमें से उनकी किंगडम और वीडी14 के बारे में पहले ही उनके फैंस को जानकारी है। वहीं इन दो फिल्मों के अलावा विजय ने अपनी नेक्स्ट फिल्म एसवीसी 59 का लुक भी शेयर किया है। विजय ने एक्स हैंडल पर अपनी तीनों फिल्मों का लुक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, अगला । विजय ने पहली तस्वीर अपनी आगामी फिल्म किंगडम की शेयर की है, जिसमें वह छोटे बालों में काला चश्मा लगाए ग्रीन शर्ट में हैंडसम लुक में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के ऊपर लिखा है, विजय देवरकोंडा, किंगडम, यह फिल्म 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### तन्वी द ग्रेट में अरविन्द स्वामी की एंट्री हुई, सामने आई पहली झलक

अभिनेता से निर्देशक बने अनुपम खेर इन दिनों अपनी दूसरी निर्देशित फिल्म ह्यतन्वी द ग्रेटह्ल को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म में लगातारनए–नए एक्टर्स की एंट्री हो रही है। जिनका अनुपम खेर स्वागत कर रहे हैं। इयान ग्लेन, बोमन ईरानी और जैकी श्रॉफ के बाद अब अनुपम खेर कीफिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हुई है। जिसकी जानकारी अनुपम खेर ने खुद दी है। अनुपम खेर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी है कि एक्टर अरविंद स्वामी की फिल्म ह्यतन्वी द ग्रेटह्ल में एंट्री हुई है।अरविंद स्वामी फिल्म में मेजर श्रीनिवासन की भूमिका निभाएंगे। अनुपम ने अरविंद स्वामी का पोस्टर शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, पहली बार मैंने अरविंद स्वामी को रोजा में देखा था। मैं इस नए अभिनेता केअभिनय से दंग रह गया। फिर मैंने उन्हें फिल्म बॉम्बे में देखा। मेरे लिए, वह भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक शानदार अभिनेता का आगमन था। बहुतसालों बाद में हमने एक फिल्म की ह्यसात रंग के सपने।

# कोहली टेस्ट में सचिन तेंदुलकर से कितने मैच और रन पीछे रह गए?



नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। कोहली ने 12 मई को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के जरिये संन्यास की घोषणा की।

याद दिला दें कि विराट कोहली ने 20 जून 2011 को वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में टेस्ट डेब्यू किया था, जहां उन्होंने 4 और 15 रन बनाए थे। फिर विराट ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 14 साल के अपने टेस्ट करियर में 123 टेस्ट में 30 शतक व 31 अर्धशतकों की मदद से 9230 रन बनाए। 36 साल के कोहली को दुनिया के महानतम बल्लेबाजों में से एक माना जाता है और अधिकांश उनकी तुलना महान सचिन तेंदुलकर से की जाती है। क्रिकेट के भगवान माने जाने वाले तेंदुलकर से कोहली 77 टेस्ट मैच पीछे रह गए। मास्टर ब्लास्टर ने 200 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

**आंकड़ो में तेंदुलकर से पीछे कोहली**

जहां तक रन की बात है तो कोहली भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर काबिज हैं। यहां तेंदुकलर (15921) नंबर–1 पर हैं। वो कोहली से 6691 रन आगे रहे। कोहली ने टेस्ट में 30 शतक जमाए और यहां भी वो तेंदुलकर से 21 सैकड़े पीछे रहे। तेंदुलकर ने 51 टेस्ट शतक जमाए हैं।हालांकि, विराट कोहली टेस्ट में दोहरे शतक जमाने के मामले में सचिन तेंदुलकर से आगे हैं। कोहली ने टेस्ट में सात दोहरे शतक जमाए हैं जबकि तेंदुलकर ने छह ही दोहरे शतक जड़े हैं।

**सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तान**

विराट कोहली ने टेस्ट प्रारूप में भारतीय टीम का नेतृत्व भी किया। उन्होंने 68 टेस्ट में भारत की कप्तानी की, जिसमें टीम को 40 में जीत मिली। विराट कोहली पहले भारतीय कप्तान बने, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जीती।

कोहली के नेतृत्व में भारत ने 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रवेश किया था। तब भारत को न्यूजीलैंड के हाथों शिकस्त मिली थी।

# आईपीएल के लिए भारत नहीं लौटे ऑस्ट्रेलियाई

मेलबर्न, आईपीएल स्थगित होने के बाद वापिस लौटे ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अगर बाकी मैचों के लिए भारत वापिस लौटना नहीं चाहते तो क्रिकेट आस्ट्रेलिया से उन्हें समर्थन मिलेगा। यहां एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विभिन्न आइपीएल टीमों के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी स्वदेश पहुंच चुके हैं।

रिकी पोंटिंग और ब्रैड हैडिन जैसे कुछ पूर्व खिलाड़ी भारत में रह गए हैं जो कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं। दूसरे कोच मसलन जस्टिन लैंगर और माइक हस्सी भी भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते लौट गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद खिलाड़ियों को लौटने के लिए कहा गया है, क्योंकि आईपीएल एक सप्ताह के भीतर फिर शुरू होने वाला है।



**खिलाड़ियों में चिंता**

सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कहा कि घबराये हुए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगर सुरक्षा कारणों से वापिस जाना नहीं चाहते हैं तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया उनका समर्थन करेगा। इसमें कहा गया कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी चिंतित और डरे हुए हैं। रिकी पोंटिग और ब्रैड हाडिन समेत कोचिंग स्टाफ के सदस्य भारत में हैं, जबकि खिलाड़ी लौट आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि इस परिप्रेक्ष्य में सीए आईपीएल में लौटने को लेकर खिलाड़ियों के फैसला लेने के अधिकार का बचाव करेगा।

**इन टीमों को लग सकता है झटका**

अगर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी नहीं लौटते हैं तो कुछ टीमों को सबसे ज्यादा नुकसान हो सकता है इसमें दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू प्रमुख रूप से शामिल हैं।

दिल्ली की गेंदबाजी की अहम कड़ी हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क जो अपने पत्नी के साथ ऑस्ट्रेलिया लौट चुके हैं।

## एक नजर

### खाई में गिरा ट्रक, चालक और परिचालक घायल

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : रविवार देर रात को त्रिपालीसैंण-थलीसैंण मोटर मार्ग पर बघेली गांव के समीप परचून के सामान से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में ट्रक चालक और परिचालक घायल हो गए। घायलों को सीएससी पाबौ में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष पैठाणी सुनील रावत ने बताया कि रविवार देर रात को त्रिपालीसैंण से एक किमी. आगे बघेली गांव के पास एक ट्रक के करीब 20 मीटर खाई में गिरने की सूचना मिली। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को खाई से सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि हादसे में 35 वर्षीय चालक राजेंद्र सिंह और 21 वर्षीय परिचालक पंकज सिंह निवासी ग्राम सलोन पैठाणी को हल्की चोटें आईं है। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी पाबौ में भर्ती कराया गया। चालक ने बताया कि वे ट्रक में रामनगर से परचून का सामान लेकर त्रिपालीसैंण आ रहे थे। इस दौरान अचानक ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हो गया है।

### पुलिस ने किया संदिग्धों का सत्यापन

नई टिहरी : चारधाम यात्रा के दृष्टिगत बाहरी और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच लगातार की जा रही है। जिसके चलते थाना नई टिहरी पुलिस ने कोटी कालोनी में सत्यापन शिविर लगाकर लोगों को किरायदारों, नौकरों, फड़ फेरी वालों व मजदूरों बाहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों के सत्यापन किया है। स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में आकर सत्यापन शिविर में भाग तत्परता से ले रहे हैं। पुलिस की इस पहल को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। यात्राकाल में सत्यापन को सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत एहम माना जा रहा है। थाना मुनि की रेती, लंबगांव और छाम ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करते हुए सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। (एजेंसी)

### नर्स को प्रताड़ित करने का आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी। हल्द्वानी के निजी अस्पताल में काम करने वाली नर्स ने दूर के रिश्तेदार की प्रताड़ना के बाद आत्महत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद इस बात का खुलासा किया है। आरोपी शादीशुदा नर्स पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। जिस कारण नर्स ने जान दे दी। हल्द्वानी के निजी अस्पताल में काम करने वाली नर्स राबिया का शव बीती 27 अप्रैल की रात उसके कमरे में मिला था। राबिया के पिता महबूब अली निवासी पीपली अहीर, ठाकुरद्वारा मुरादाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने बेटी की शादी शरीफनगर ठाकुरद्वारा निवासी जियाउल मुस्तफा से की थी। राबिया की ढाई साल की पुत्री भी है। उन्होंने अज्ञात पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों, मोबाइल फॉरेंसिक और कॉल डिटेल की जांच के बाद पाया कि 27 साल का मोहम्मद हारून निवासी– ग्राम मुनीमपुर थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद नर्स का दूर का रिश्तेदार है।

### रक्तदान शिविर आयोजित किया

हल्द्वानी। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर खम्पा भोटिया समिति, नैनीताल की ओर से जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि खम्पा भोटिया समुदाय की ओर से प्रत्येक वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना है।

रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, आनंद सिंह खम्पा, प्रेम सिंह, चिमी सिंह, ताइस सिंह, कन्नू सिंह खम्पा, तेनजिन, पान सिंह खम्पा, श्याम सिंह खम्पा, करमा, दिनेश, पसंग डोमा, निर्मल, तेनजिन भोटिया, रिंजिन, शेरब, कुंगा खम्पा, दीपू आदि रहे। समिति ने रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक कार्यों में सहभागिता का संकल्प दोहराया।

### देशराज संगठन के समर्पित कार्यकर्ता : प्रेमचंद

ऋषिकेश। पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल से मुलाकात की। उन्होंने देशराज को समाज कल्याण योजनाएं एवं अणुश्रवण समिति का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। सोमवार को देहरादून में मुलाकात के दौरान प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि देशराज कर्णवाल संगठन के समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ता हैं।

## दैवीय प्रकोप का डर दिखाकर लाखों की ठगी करने वाले गिरफ्तार


कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार निवासी एक महिला को दैवीय प्रकोप दिखाकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह के तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

20 अप्रैल को मामले में कोटद्वार निवासी जयप्रकाश ने तहरीर दी थी। उन्होंने तहरीर में बताया था कि तीन वर्ष पूर्व उनकी पत्नी के पास एक अनजान नंबर से काल आया। दूसरी तरफ मौजूद ने स्वयं को माता बताते हुए कहा कि वह उसके व उसके परिवार के बारे में सब जानती है।

उन्होंने यह फोन काट दिया। इसके बाद भी लगातार फोन आते रहे और वह फोन काटते रहे। लेकिन, एक दिन फोन करने वाले ने उनकी पत्नी को माता रानी की कसम देते हुए कहा कि यदि उन्होंने उससे बात नहीं की तो उसके पूरे परिवार का सर्वनाश हो जाएगा। उन्होंने डर के कारण उससे बात कर दी। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने उन्हें भगवान के नाम पर डराते हुए उनसे पैसे मांगने शुरू कर दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने माता के दर्शन करवाने के नाम पर उन्हें व उनकी पत्नी को हरिद्वार बुलाया और हरिद्वार की एक धर्मशाला में एक स्त्री को माता रूप में दिखा उनसे 75 हजार की धनराशि ठग ली। इसके बाद उक्त व्यक्ति व उसके साथियों ने अलग-अलग तरीकों से उनसे चालीस लाख से अधिक की धनराशि ठगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि दी गई तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दिया गया। बताया कि मामले में जनपद मुरादाबाद के अंतर्गत कांठ थाना क्षेत्र निवासी बहादरपुर निवासी अनिल, चैतराम व दिनेश जोशी को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि मामले में ग्राम बहादरपुर निवासी अशोक जोशी, सोनू जोशी, राजीव शर्मा और स्मैलपुर निवासी राजकुमार फरार चल रहे हैं। बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें जगह-जगह दबिश दे रही हैं।


प्रखंड नैनीडांडा के अंतर्गत मुस्याखांद के ग्वेल भैरव मंदिर में पूजा–अर्चना करते ग्रामीण

## भैरव देवता की हुई पूजा अर्चना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नैनीडांडा के मुस्याखांद के ग्वेल भैरव मंदिर में वार्षिक पूजन अनुष्ठान का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने भैरव देवता, माता महाकाली, गोलू ग्वेल देवता की पूजा आराधना कर सुख-शांति की कामना की।

पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रवासी पहुंचे हुए थे। भैरव देवता के पुजारी सादरी लाल घुरकुंडी, मोहन सिंह घुरकुंडी, अमित दत्त घुरकुंडी, सिताब सिंह घुरकुंडी ने देवी-देवताओं की मूर्तियों का विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया। तत्पश्चात क्षेत्र के लोगों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना की। देवपूजन अनुष्ठान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर महावीर सिंह, तुलाराम घुरकुंडी, राम सिंह, सोहन सिंह मौजूद रहे।

## प्रदेश सचिव सौरव पांडेय के घर पहुंचे हरीश रावत


एनएसयूआई के प्रदेश सचिव सौरव पांडेय के घर पहुंचे पूर्व सीएम हरीश रावत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एनएसयूआई के प्रदेश सचवि सौरव पांडेय के आवास में पहुंचकर उनकी स्वजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें मातृशिक्त से भी मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कि मां के विभिन्न स्वरूप होते हैं, जिनमें देवी स्वरूपा, संतान वत्सल मां, प्रकृति व धरती मां प्रमुख है। कहा कि वर्तमान में मातृशक्ति समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेनीय कार्य कर रही है। कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध में आपरेशन सिंदूर के बारे में पल-पल की जानकारी पूरे देश को मातृशक्ति ही दे रही थी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, आनंद सिंह रावत, राकेश शर्मा, सुनील सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस व स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। कहा कि लगातार समस्या उठाने के बाद भी अब तक इसके निराकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नतीजा ग्रामीण पलायन को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत बूचाखाल में ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस महासचिव रघुवीर बिष्ट व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मन्दीप पटवाल ने कहा कि धौलखेतखाल से बिलटिया मोटर मार्ग के चौड़ीकरण व डामरीकरण को लेकर ग्रामीण पिछले लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन, अब तक कोई भी सकारात्मकता नहीं दिखाई गई। क्षेत्र के कई गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। घर-घर जल पहुंचाने के बाद भी


जयहरीखाल के बूचाखाल में प्रदर्शन करते ग्रामीण

नल से पानी नहीं टपक रहा। क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भी बेपटरी हो चुकी है। एक सिरदर्द की दवा लेने के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर की दौड़ लगानी पड़ती है। कहा कि सरकार को ग्रामीणों के हितों को लेकर योजना तैयार करनी चाहिए। इस मौके पर अर्जुन सिंह रावत, धीरेंद्र सिंह नेगी, रतन सिंह नेगी, मंगल सिंह, राजीव द्विवेदी, मदनलाल, अनिल, मनवर सिंह नेगी, धीरेंद्र सिंह रावत, विनोद कुमार, अनिल रावत, हरीश सुनडोला, मनवीर रावत आदि मौजूद रहे।

## बुद्ध के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से बुद्ध जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा के लिए बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सोमवार को सतेंद्र नगर कौड़िया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सदस्यों ने बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए समाज सेवा में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बुद्ध ने समाज को बेहतर मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

प्रोफेसर बीसी शाह ने कहा कि गौतम बुद्ध के पंचशील सिद्धांत बौद्ध धर्म के नैतिक आधार हैं। जिसमें पांच प्रमुख उद्देश्य शामिल हैं हिंसा न करना, चोरी न करना, ब्याभिचार न करना, झूठ न बोलना और नशा न करना, ये सिद्धांत सभी बौद्धों, चाहे वह भिक्षु हों या गृहस्थ के लिए आचरण के मार्ग दर्शक के रूप में कार्य करते हैं। गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि बुद्ध द्वारा प्रदान किये गए पंचशील सिद्धान्त जीवन के प्रति सहज दृष्टिकोण का परिचय देते हैं। ऐसे में इन सिद्धांतों का पालन कोई भी कर सकता है फिर चाहे वह किसी भी धर्म का मानने वाला ही क्यों न हो। इस मौके पर कण्वाश्रम ग्राम स्वराज्य समिति के अध्यक्ष विनय किशोर रावत, डा. गीता रावत शाह, राकेश कुमार अग्रवाल, शूरबीर खेतवाल, डा. शील सौरभ रावत, मंजू रावत, श्रद्धासुमन नेगी, नेत्र सिंह रावत आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते सदस्य

## समाज के सच्चे सेवक थे स्व. बलदेव सिंह आर्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से बलदेव सिंह आर्य की 112वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्व. बलदेव सिंह आर्य समाज के सच्चे सेवक थे। शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से सिम्मलचौड़ स्थित जयानंद भारतीय पुस्तकालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता स्व. बलदेव सिंह आर्य के पौत्र डा. मनोज कुमार सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1930 को 18 वर्ष की आयु में बलदेव सिंह आर्य ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। आपना जीवन देश की आजादी के लिए लगा दिया। वर्ष 1952 से 1989 तक आर्य उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे। कहा कि भूमिहीनों को भूमि दिलाने में बलदेव सिंह आर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कहा कि उन्होंने झंडीचौड़, उदयरामपुर, देवेंद्र नगर, नयागांव, ढकिया बावन सराय के लोगों को हकहकूक का अधिकार भी दिलवाया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य, धीरजधर बछवाण, प्रमोद कुमार चौधरी, गीता सिंह, प्रशांत चौधरी, सतीश प्रकाश, मदन सिंह, कुमारी विमला, शिवकुमार, सुनील कुमार, सूरबीर खेतवाल, जगदीश राठी मौजूद रहे।

## नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक बनने के लिए युवा माई भारत में करें नामांकन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : माई भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, देश भर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है, खासकर आपात स्थिति और संकट के दौरान। इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, उत्तरदायी और लचीला स्वयं सेवी बल तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके।जिला युवा अधिकारी, माई भारत पौड़ी गढ़वाल शैलेश भट्ट ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत, समुदाय-आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है और माई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माई भारत अपने युवा स्वयं सेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के रूप में पंजीकरण करें।

## केदारनाथ धाम की यात्रा पूर्ण रूप से सुरक्षित : आशा

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि अब तक ढ़ाई लाख श्रद्धालु धाम में पहुंचकर बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतें न हो इसके लिए यात्रा के विभिन्न पड़ावों एवं पैदल मार्गों पर स्थानीय प्रशासन की टीमें मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद स्वस्थ पाए जाने वाले घोड़े खच्चरों से श्रद्धालुओं एवं आवश्यक सामग्री को धाम तक पहुंचाया जा रहा है। इसके साथ ही डंडी कंडी, हेलीसेवा एवं पैदल चलकर हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन धाम में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को असुविधा न हो इसके लिए टोकन व्यवस्था की गई है। जिससे सुगम और सरल दर्शन हो रहे हैं। बुर्जुग एवं महिलाओं की सुविधा के लिए सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड में शटल सेवा में 25 से अधिक वाहन आरक्षित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। विधायक ने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा पूर्ण रूप से सुरक्षित है, जिसका परिणाम है कि प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख वन संरक्षक ने किया बर्ड वाचिंग नेचर ट्रेल का उद्घाटन

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ हाईवे पर स्थित काकड़ा गाड़ में बर्ड वॉचिंग नेचर ट्रेल का प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन ने उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जैव विविधता के साथ ही बर्ड वॉचिंग का बेहतर स्थल बनेगा। साथ ही ईको टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सिंगोली–भटवाड़ी कैट प्लान में इको टूरिज्म गतिविधि द्वारा स्थानीय रोजगार एवं आजीविका संवर्द्धन के उदेश्य से रुद्रप्रयाग वन प्रभाग द्वारा इस ट्रेल का निर्माण किया गया। इस मौके पर प्रमुख वन संरक्षक ने बताया कि काकड़ा गाड़ समृद्ध जैव विविधता के साथ बर्ड वॉचिंग के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थल है, जहां देश–विदेश से पर्यावरण एवं पक्षी प्रेमी विभिन्न प्रजाति के पक्षियों का दीदार करेंगे। इससे यहां नेचर गाइड व अन्य रूप में स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। बर्ड नेचर ट्रेल के उद्घाटन के अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी कल्याणी, उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. दिवाकर पंत, देवेन्द्र पुंडीर, वन क्षेत्राधिकारी हरीश थपलियाल, सुरेन्द्र नेगी, हरिशंकर रावत, पक्षी विशेषज्ञ यशपाल नेगी, लक्ष्मण नेगी सहित वन प्रभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## स्व. बलदेव सिंह आर्य को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री स्व. बलदेव सिंह आर्य की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि समाज के बेहतर विकास में दिया गया बलदेव सिंह आर्य का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। सोमवार को दुगड्डा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष विनोद डबराल व अन्य कार्यकर्ताओं ने स्व. बलदेव सिंह आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि बलदेव सिंह आर्य ने सदैव गरीब व असहाय लोगों के लिए कार्य किया। उन्होंने समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों के खिलाफ समाज को एकजुट कर संघर्ष किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाते हुए जेल की सजाएं काटी। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश व पर्वतीय जिलों में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना करवाई। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष बिमल बिष्ट, नगर अध्यक्ष रितेश ठाकुर, ब्लाक द्वारीखाल के अध्यक्ष संजय तोमर, राकेश कुमार, पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, लक्ष्मी चौहान, धर्मेंद्र गोयल, प्रदीप नेगी, गबर सिंह, ललित मोहन चौधरी, जगदीश सिंह रावत, सुरेंद्र भारती मौजूद रहे।


दुगड्डा में आयोजित कार्यक्रम में स्व. बलदेव सिंह आर्य को श्रद्धांजलि देते सदस्य

## मातृत्व दिवस पर बुटली गांव में रोपे विभिन्न प्रजातियों के दो दर्जन पौधे

### मां के नाम एक पेड़ समलौण पौध रोपण कार्यकम किया आयोजित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल की पट्टी मनियारस्यूं के ग्राम बुटली गांव में मातृत्व दिवस पर मां के नाम एक पेड़ समलौण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्नि प्रजाति के दो दर्जन पौधों का रोपण किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने बताया कि ग्राम बुटली के प्रवासी समाजसेवी चंद्र प्रकाश कुकरेती की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम कुकरेती का स्वर्गवास 9 अप्रैल 2025 को नोएडा में हो गया था। स्व. नीलम कुकरेती की स्मृति में उनकी पुत्री अनामिका शुक्ला कुकरेती एवं पुत्र अमन कुकरेती द्वारा मां के नाम एक पेड़ समलौण के तौर पर मां बाल कुंवारी एवं नागराजा मंदिर में विभिन्न प्रजाति के दो दर्जन पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने सभी पौधों की सुरक्षा के लिए गार्ड भी लगाएं है और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामवासियों को दी गई है। चंद्र प्रकाश कुकरेती ने बताया कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए विगत कुछ वर्षों से नोएडा एनसीआर में सौ से अधिक पौधे लगाए है। उन्होंने संकल्प लिया है कि अपने पैतृक बांव में हर वर्ष 25 से अधिक पौधे लागयेगें। मातृत्व दिवस पर इस अभियान का शुभारंभ हो गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती उर्मिला देवी, धर्मदत्त कुकरेती, कमल सिंह गुसाई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती श्रीमती सुनीता देवी, श्रीमती सुदामा देवी आदि मौजूद रहे।



मातृत्व दिवस पर बुटली गांव में पौधा रोपते हुए लोग।

## कार–ट्रक की टक्कर में दंपति घायल

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर साकनीधार में ट्रक-कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें कार सवार दंपति घायल हो हुये हैं। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत ने बताया कि वाहनों की टक्कर की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची है। बच्छेलीखाल चौकी प्रभारी दीपक लिंगवाल मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की है। यहां श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर जा रहे ट्रक की हरियाणा से केदारनाथ यात्रा पर निकली कार से साकनीधार के पास आपस में टक्कर हो गयी थी। हादसे में कार सवार आदित्य कपूर पुत्र राजकुमार, निवासी फरीदाबाद हरियाणा व उनकी पत्नी निशा कपूर घायल हो गए।

## पाटीसैंण बाजार में सीडीओ ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने पाटीसैंण में व्यापार सभा के साथ बैठक कर व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने व्यापार सभा को आश्वासन दिया कि बाजार क्षेत्र की समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। बैठक में व्यापार सभा के पदाधिकारियों ने बाजार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में सीडीओ को जानकारी दी। व्यापारियों ने सुलभ शौचालय, स्ट्रीट लाइट, पेयजल टैंक निर्माण, पाटीसैंण में पुल निर्माण सहित अन्य समस्याएं बताईं। इस मौके पर सीडीओ ने कहा कि पाटीसैंण बाजार को स्वच्छता के क्षेत्र में एक मॉडल बाजार के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे अन्य ग्रामीण बाजारों को भी इससे प्रेरणा मिल सके। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी दुकानों में सूखे और गीले कूड़े के लिए अलग-अलग डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें और ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। कहा कि प्रशासन की ओर से बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। इस मौके पर ब्लाक प्रशासक एकेश्वर नीरज पांथरी, खंड विकास अधिकारी नरेश चंद्र सुयाल, एडीपीआरओ प्रदीप सुंदरियाल, ग्राम प्रशासक सुधीर कोहली, देवेश सुंदरियाल, मन्नी असवाल, नंदन सिंह असवाल आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में नशाबंदी लागू की जाए: उक्रांद

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश में नशाबंदी लागू करने की मांग की है। दल ने कहा कि उत्तराखंड को तत्काल ड्राइ स्टेट घोषित किया जाए। ऐसा नहीं करने पर नशाबंदी आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को दल की केंद्रीय महामंत्री किरन रावत ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल संपूर्ण प्रदेश में नशाबंदी लागू करने का पक्षधर है। हम केंद्र और प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि वह प्रदेश में तत्काल प्रभाव से शराबबंदी/नशाबंदी लागू कर दे। उन्होंने कहा कि दल जल्दी ही इसे लेकर आंदोलन करेगा। पहले चरण में जागरूकता रैलियां, चेतावनी रैलियां निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि देहरादून की गलियों में नशे का कारोबार चरम पर पहुंच गया है, जिस कारण कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। महानगर अध्यक्ष विजेंद्र रावत ने कहा कि दल 15 मई से पटेलनगर से रैलियों की शुरुआत करेगा। इसके बाद पूरे शहर में कार्यक्रम होंगे। उन्होंने आंदोलन में जनता से भी सहयोग का आह्वान किया है।

### देवभूमि ब्राह्मण समिति का नागरिक सुरक्षा में सहयोग का निर्णय

देहरादून। अखिल भारतीय देवभूमि ब्राह्मण समिति की सभा में समिति के सदस्यता अभियान, नागरिक सुरक्षा में सहयोग करने का निर्णय लिया गया। एलीट पटेल नगर में हुई सभा में केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान में युद्ध जैसी स्थिति में ब्राह्मण समाज को अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह निष्ठापूर्वक करना है। नागरिक सुरक्षा संगठन के साथ मिल विपरीत स्थिति में अपने परिवार व आस पास के नागरिकों की सुरक्षा करनी है। हवाई हमले जैसी स्थिति में स्वयं का बचाव करते हुए कार्य करने हैं। संदिग्ध लोगों पर नजर रखनी है। सभा में समिति द्वारा आयोजित तीज उत्सव, वृक्षारोपण, स्वतंत्रता दिवस, करवा चौथ, भगवान परशुराम जन्म स्थान रेणुकाधाम की एक दिनी यात्रा आदि कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। सदस्यता अभियान को तेज करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संरक्षक रामनरेश शर्मा, आभा बड़थ्वाल, सचिव रुचि शर्मा, अभय उनियाल, अजय वशिष्ठ, राजेश पंत, भारती जोशी मौजूद रहे।

### आपरेशन सिंदूर की सफलता पर डा. सारस्वत को बधाई

देहरादून। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ कमल घनशाला ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय प्रक्षेपास्त्रों के अभूतपूर्व प्रदर्शन पर नीति आयोग के सदस्य व ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ वीके सारस्वत को बधाई दी। डॉ कमल घनशाला ने दिल्ली में नीति आयोग पहुंचकर आयोग के सदस्य व देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ वीके सारस्वत से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की सामरिक और तकनीकी क्षमता के अभूतपूर्व प्रदर्शन ने दुनिया को अचंभित कर दिया है। समूचे ग्राफिक एरा परिवार को इस पर बेहद गर्व है कि सैकड़ों की संख्या में प्रक्षेपास्त्रों को मार गिराने वाली आश्चर्यजनक रक्षात्मक प्रणालियों और दुश्मन के इलाकों में अंदर तक लक्ष्य को भेदने वाली आक्रमक प्रणालियों से जुड़े प्रमुख वैज्ञानिकों में एक, डॉ. वी.के. सारस्वत ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति हैं। डीआरडीओ प्रमुख के रूप में डॉ. सारस्वत की देखरेख में ही स्वदेश में विकसित आकाश, पृथ्वी और दुश्मन के एयरक्राफ्ट, ड्रोन, गाइडेड हथियार और सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को ट्रैक कर नष्ट करने में सक्षम अन्य एमआरएसएएम प्रणालियां विकसित की गई।

### नई पीओएस मशीनों से आएगी राशन वितरण में पारदर्शिता

देहरादून। फ्री राशन के लिए कार्ड धारकों को अभी कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। मई के फ्री राशन के लिए उपभोक्ताओं को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, नई पीओएस मशीनों के लगने के कारण अभी राशन वितरण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। वहीं, डीलरों की हड़ताल का भी इस पर असर रहा। हालांकि, अब डीलरों ने गोदामों से राशन उठाना शुरू कर दिया है।

खाद्य विभाग ने पूरे प्रदेश में राशन वितरण नई प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों से शुरू किया है। देहरादून में मई से इसका शुभारंभ किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी कैलाश अग्रवाल ने बताया कि देहरादून में करीब एक हजार डीलर हैं। ऐसे में नई मशीनों को लगाने और डाटा कलेक्शन में समय लगा। इससे इस माह राशन वितरण में देरी हुई। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से लगभग सभी दुकानों में मशीनें लगा दी गई हैं।

# साधना और आध्यात्म का भव्य और दिव्य केन्द्र है डोल आश्रम : धामी

### आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा मानसखंड मंदिर माला मिशन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को लमगड़ा, अल्मोड़ा स्थित डोल आश्रम में श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने 1100 कन्याओं का पूजन किया, माँ राजेश्वरी का अभिषेक तथा पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डोल आश्रम, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को भारतीय संस्कृति के बारे में शिक्षित करने का महान कार्य कर रहा है। यह आश्रम हमारी पुरानी सभ्यता, संस्कृति का जीती-जागती उदाहरण और मिशाल है। यह साधना और आध्यात्म का भव्य और दिव्य केन्द्र है। मुख्यमंत्री ने सभी को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए महात्मा बुद्ध के धर्म, शांति एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का भी आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने पहलगाम हमले पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहा है। हमारे सुरक्षा बलों ने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम में आकर उन्हें हमेशा दिव्य ऊर्जा का अहसास होता है। बाबा कल्याणदास जी महाराज ने आश्रम में जिस प्रकार से श्रीयंत्र स्थापित किए हैं, वो आने वाले समय में भारतवर्ष के साथ सम्पूर्ण विश्व के लिए श्रद्धा का केंद्र बनेगा एवं इस आश्रम में शांति, आध्यात्म और संस्कृति को जानने के लिए विश्वभर से लोग आयेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मानसखंड मंदिर माला मिशन के माध्यम से समस्त मंदिरों को अवस्थापना सुविधाओं से जोड़ रही है, ताकि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सनातन संस्कृति की पताका सम्पूर्ण विश्व में लहरा रहा है।

## संडे बाजार को रेंजर्स ग्राउंड से दूसरी जगह शिफ्ट करें

देहरादून। कांग्रेस महानगर व्यापार प्रकोष्ठ ने रेंजर्स ग्राउंड से संडे बाजार को दूसरी जगह शिफ्ट करने की मांग की है। प्रकोष्ठ ने सोमवार को इस संबंध में डिस्पेंसरी रोड पर बैठक की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संडे बाजार को लेकर प्रशासन मनमानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेंजर्स ग्राउंड में बाजार लगने से पलटन बाजार, डिस्पेंसरी रोड, इंदिरा मार्केट के व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि रेंजर ग्राउंड में लगने वाली दुकानों का प्रशासन वैरिफिकेशन भी नहीं करता है। इसमें कई आपराधिक प्रवृति के लोग भी दुकानें लगाते हैं। जिससे आम लोगों को खतरा है। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने कहा कि प्रशासन के साथ जन प्रतिनिधियों को भी इस दिशा में सोचना चाहिए। मौके पर राम कपूर, अजीत सिंह, चमन लाल, राजेंद्र सिंह नेगी, सुरेश गुप्ता, राहुल कुमार, प्रवीन बांगा, संजीव कोचर, आमिर खान, राजेंद्र सिंह घई, अर्जुन सोनकर, शाहिद खान आदि मौजूद थे।

## पारंपरिक कृषि,आधुनिक दृष्टिकोण से जुड़ रहे किसान

बागेश्वर। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में पारंपरिक कृषि को नई ऊर्जा और आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने काली और लाल धान की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। ऐसी धान की किस्में जो पोषण से भरपूर हैं और बागेश्वर की जलवायु के लिए उपयुक्त भी है। राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी मिशन के अंतर्गत शुरू की गई यह पहल केवल नई फसलें उगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य बागेश्वर के किसानों की आर्थिक दशा को एक नई दिशा देना है। गहरे रंग, खास स्वाद और स्वास्थ्यवर्धक गुणों वाली काली और लाल धान की मांग आज देश–विदेश के स्वास्थ्य जागरूक उपभोक्ताओं के बीच तेज़ी से बढ़ रही है। एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर यह धान अब वैश्विक बाजार में ह्यसुपरफूड का दर्जा पा चुकी है। बागेश्वर इसके एक प्रमुख उत्पादक के रूप में उभर रहा है। प्रशासन द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले बीज निःशुल्क वितरित किए जा रहे हैं और किसानों को आधुनिक व जैविक खेती के तरीकों में प्रशिक्षित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### डीएवी प्राचार्य ने की शिक्षा मंत्री से मुलाकात

देहरादून। डीएवी (पीजी) कॉलेज के नव नियुक्त प्राचार्य प्रो. कौशल कुमार ने सोमवार को शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत ने यमुना कालोनी जाकर मुलाकात की।

इस दौरान उनके बीच कालेज में शिक्षा, बुनियादी ढांचे और छात्रसंघ सहित तमाम मुद्दों पर बातचीत हुई।

# एलआई एजेंट पर किया सुअर ने जान लेवा हमला

बागेश्वर। धरमघर रेंज के हिरमोली गांव में जंगली सुअर ने एलआईसी एजेंट पर जानलेवा हमला कर दिया। उस वक्त वह खेत में काम कर रहे थे। सुअर ने उनके गर्दन पर गहर जख्म कर दिया। उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और सुअर को वहां भगा दिया। बाद में आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में सड़क तक पहुंचाया। यहां से 108 के माध्यम से जिला अस्पताल भर्ती किया। जहां घायल का इलाज चल रहा है। सूचना के बाद वन कर्मी भी अस्पताल पहुंचे। घायल का हाल जाना। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हिरमौली निवासी 53 वर्षीय एलआईसी एजेंट जगदीश पांडे पुत्र देवेंद्र पांडेय पर सोमवार की सुबह आठ बजे जंगली सुअर ने हमला किया। उस वक्त वह 100 मीटर दूर खेत पर काम कर रहे थे। सुअर ने उनके गर्दन में गहरा जख्म कर दिया। घायलावस्था में ग्रामीणों ने उन्हें सड़क तक पहुंचाया। यहां से 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। उपचार कर रहे डॉ. शुक्ला ने बताया की उनके गर्दन में पूरा मांस निकला है। उनका उपचार किया जा रहा है। ग्रामीण सुरेश सिंह ने बताया कि उनके गांव में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे अपनी स्कूलों तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर पैदल जाना पड़ता है। जिससे उनको खतरा बना है। उन्होंने वन विभाग से इन जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की है। इधर रेंजर प्रदीप कांडपाल ने बताया कि फॉरेस्टर को अस्पताल भेज दिया है।

## राम कंडवाल होंगे बेरोजगार संघ के नए अध्यक्ष,बाबी का इस्तीफा

देहरादून( । उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार ने आखिरकार सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कोटद्वार के राम कंडवाल संघ के नए अध्यक्ष होंगे। राम कंडवाल अब तक संघ के उपाध्यक्ष पद पर थे। लेकिन बाबी के राजनीति में आने के बाद राम कंडवाल ही अप्रत्यक्ष तौर पर संघ की कमान संभाले हुए थे। राम कंडवाल को काफी सुलझा हुआ और शांत छवि का युवा माना जाता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार संघ ने 2018 से अब तक कई बड़े आंदोलन और संघर्ष किए। जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला, कई नकल माफियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया, परीक्षाओं में काफी पारदर्शिता आई है। सरकार को मजबूरन नकल रोधी कानून भी प्रदेश में लागू करना पड़ा। जिसके लिए उन्हें लगभग डेढ़ दर्जन मुकदमों का सामना आज भी करना पड़ रहा है किन्तु उन्हें प्रसन्नता है कि हजारों युवा, जो आज प्रदेश के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वो कहीं न कहीं प्रदेश की बेहतरी के लिए कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर राम कंडवाल,सुरेश सिंह,नितिन दत्त ,सजेंद्र कठैत,संजय सिंह, जसपाल चौहान,नवीन चौहान सहित अन्य युवा भी मौजूद रहे।

# गढ़वाल के पांच दिवसीय दौरे पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत



देहरादून। सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अपनी विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं का जायजा लेंगे, साथ ही विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत चमोली जनपद का भ्रमण करेंगे, जहां वह चार धाम यात्रा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को परखेंगे। चमोली जिला मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री स्थानीय प्रशासन की बैठक लेंगे, इसके साथ ही वह स्वास्थ्य, शिक्षा और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों से लेंगे।कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 17 मई तक गढ़वाल मंडल के दौरे पर रहेंगे। पांच दिवसीय दौरे की शुरूआत वह अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से करेंगे। जहां वह मंगलवार को सिमखेत में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का शिलान्यास करेंगे। बुधवार को डॉ. रावत कलगड़ी मल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत वह कालौं, चमगांव और पटोटी में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान वह राजकीय इंटर कॉलेज कालौं के नव निर्मित भवन तथा पटोटी के बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे साथ ही वह प्राथमिक विद्यालय कालौं व चमगांव के स्वीकृत भवन व सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास करेंगे।

गुरूवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत भुवनेश्वरी में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर नव प्रवेशित छात्रों के मंगल स्नान एवं यज्ञोपवीत संस्कार में हिस्सा लेंगे और उन्हें दीक्षारम्भ की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे। इसके उपरांत वह ग्वाडीगाड, सरणा, चोपड्यूं और पाबौं में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्वाड़ीगाड, जूनियर हाईस्कूल सरणा के नव निर्मित भवन तथा चोपड्यूं में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद पाबौं में ब्लॉक सभागार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के इंटरलॉकिंग टाइल रास्ते का लोकार्पण करेंगे। पाबौं में डॉ. रावत व्यापार मंडल के पादधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। 16 व 17 मई को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत चमोली जनपद के दौरे पर रहेंगे। जहां वह चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह यात्रा मार्गों पर स्थित स्वास्थ्य विभाग की स्थाई व अस्थाई चिकित्सा इकाईयों का भी निरीक्षण करेंगे।

# सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित



बैठक में जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सदस्य जगमोहन डांगी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पट्टी मनियारस्यूं के ग्राम थनूल स्थित सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर में परिसर में मंदिर समित की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर हित में विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जगमोहन डांगी ने बताया कि ग्राम थनुल वासियों ने श्रमदान से फ्रंट निर्माण किया जो सहारणीय कदम है। वर्तमान में मंदिर में पेयजल मरमत कार्य और मंदिर को सड़क से जोड़ने पर प्रयास किया जा रहा है। गांव के प्रवासी हरीश भट्ट एवं संजय डबराल मिंटू ने मंदिर समिति को एक-एक पानी की टंकिया उपलब्ध करवाई है। उन्होंने बताया कि बैठक के उपरान्त मंदिर समिति के सक्रिय सदस्य पूर्व सचिव हरीश भट्ट एवम उनके परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। भट्ट परिवार का समय-समय पर मंदिर जीर्णोद्धार में हमेशा ही सहयोग मिलता रहा है।

## गरुड़ में घर में घुसकर वृद्धा से लूटपाट

बागेश्वर। राजस्व पुलिस क्षेत्र गरुड़ के लखनी गांव में रविवार की रात को एक अज्ञात चोर ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से लूटपाट की। चोर महिला के कान के झुमके और दस हजार की नकदी लूटकर फरार गया। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। लखनी गांव में बुजुर्ग महिला रेवती देवी अपने घर में अकेले रहती है। रविवार की रात को अज्ञात चोर अकेले का फायदा उठाकर महिला के घर में घुस गया। उसने महिला के कान से झुमके खींच लिए और दस हजार की नकदी भी लूट ली। महिला ने फोन पर राजस्व उप निरीक्षक को घटना की जानकारी दी। राजस्व उप निरीक्षक रेनू भंडारी ने बताया कि महिला की मौखिक सूचना पर कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी महिला की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है। राजस्व पुलिस अज्ञात चोर का पता लगा रही है। शीघ्र ही पता लगा लिया जाएगा।

# संतों ने किया वृंदावन के राधा रमण लाल के प्राकट्य लीला का गुणगान

देहरादून। डीएल रोड स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ में चल रहे वार्षिक कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार को हुए प्रवचरों में संतों ने वृंदावन के राधा रमण लाल के प्राकट्य लीला का गुणगान किया।

कथा के दौरान संतों ने बताया गोपाल भट्ट गोस्वामी शालिग्राम की पूजा करते हुए विचार करते थे कि मेरे ठाकुर जी का भी स्वरूप होता तो मैं भी उनका सुंदर–सुंदर श्रृंगार कर पाता। गोपाल भट्ट स्वामी एक दिन अपने शालिग्राम के आगे विरह वेदना में व्याकुल होकर रूदन करने लगे कि आप प्रहलाद के लिए खंभे से प्रकट हो गए, मेरे लिए शालिग्राम से प्रकट नहीं हो सकते। नरसिंह चतुर्दशी पूर्ण हुई। तब आज के दिन ही गुरु पूर्णिमा के दिन शालिग्राम से ठाकुर जी राधा रमन देव के रूप में प्रकट हो गए। संतों ने बताया वर्तमान समय में भी उनके दर्शन अलग–अलग स्वरूप में होते हैं। प्रत्येक दिन उनके चेहरे के अलग–अलग स्वरूप के दर्शन होते हैं। कभी मुस्कुराते हुए उनका एक दांत तो कभी मुस्कुराते हुए दोनों दांत के दर्शन होते हैं। भक्ति विचार विष्णु महाराज ने बताया कल मंगलवार को दोपहर बाद 4 बजे मठ से नगर संकीर्तन निकलेगा।

डीएल रोड स्थित श्री चैतन्य गौड़ीय मठ से सोमवार को कथा में भक्ति वेदांत तेजस्वी महाराज, पर्वत महाराज, भक्त श्रवण तीर्थ महाराज, शुधा दीति महाराज ने प्रवचन किए। देश विदेश में हरिनाम संकीर्तन का प्रचार कर रहा गौड़यि मठ श्री चैतन्य गौड़ीय मठ के आचार्य भक्ति विचार विष्णु महाराज का कहना है कि गौड़ीय मठ के पूर्व आचार्य स्वामी श्री भक्त वल्लभ तीर्थ गोस्वामी महाराज का जन्म शताब्दी महोत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। मठ में हुई प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि जन्म शताब्दी महोत्सव भारत के 14 प्रांतों की राजधानियों के साथ ही अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मन, फ्रांस, इटली, स्लोविया आदि देशों में हो चुका है।

श्री राम नवमी 2026 तक भारत के सभी प्रांतों एवं विश्व के उन 25 देशों में जहां जहां महाराज ने सनातन धर्म का प्रचार–प्रसार किया है, उन सभी देशों में यह जन्म शताब्दी समारोह मनाने का कार्यक्रम है। इसकी शुरूआत 21 मई से हो रही है। जल्द ही ऋषिकेश में दो एकड़ जमीन पर आश्रम बनाया जाएगा। जहां प्रचारक सिर्फ महिलाएं ही होंगी। मौके पर मठ रक्षक श्री चैतन्य गौड़ीय मठ स्वामी त्यागी महाराज, नीलम कोहली मौजूद रहीं।

# सुरक्षा व्यवस्था परखने को होगी मॉकड्रिल



ऋषिकेश। चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को परखने के लिए इस सप्ताह मॉकड्रिल होगी। इसमें पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन और अन्य महकमों के क्विक रिस्पांस का पता लगाया जाएगा। ड्रिल से प्रशासन की कोशिश होगी कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी इंतजामों की हकीकत क्या है। सोमवार को चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में एसपी ऋषिकेश जया बलोनी ने पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की। उन्होंने चारधाम ट्रांजिट व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया। ट्रैफिक को सुचारु रखने में जुटे पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए एटीएस, ड्रोन, बम डिस्पोजल स्क्वायड, अग्निशमन समेत अन्य एजेंसियों को तैनात किया गया है।उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है, जिसे परखने के लिए इसी सप्ताह मॉडड्रिल प्रस्तावित है।

## नीलकंठ पैदल मार्ग पर मिला अज्ञात शव

ऋषिकेश। नीलकंठ पैदल मार्ग पर अधेड़ का शव मिला है। वनकर्मियों की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। लक्ष्मणझूला थाना पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 10 बजे राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क की गौहरी रेंज से सूचना मिली। पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो नीलकंठ पैदल मार्ग पर मोनी बाबा तिराहे के पास जंगल में एक व्यक्ति का शव मिला जो करीब 90 प्रतिशत तक सड़ चुका है। आसपास तलाशी के दौरान हरियाणा ब्रांड की शराब की बोतल और गिलास भी मिला। युवक ने कुर्ता और पजामा पहना हुआ था। थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है।

## गौतम बुद्ध ने दुनिया में सत्य और अहिंसा की अलख जगाई

ऋषिकेश। अखिल भारतीय डॉ. भीमराव आंबेडकर महासंघ ने गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनाई। वक्ताओं ने गौतम बुद्ध द्वारा बताए गए सत्य व अहिंसा के मार्ग का अनुशरण करने का आह्वान किया। सोमवार को अखिल भारतीय डॉ. भीमराव आंबेडकर महासंघ ने रेलवे रोड स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में गौतम बुद्ध की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। महासंघ अध्यक्ष पंकज जाटव ने कहा कि गौतम बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, भाईचारा व मानवता की आदर्श ज्योति को दुनिया भर में फैला कर भारत को जगतगुरु का सम्मान दिलाया। उनकी जयंती पर खासकर जाति गत हिंसा, मनो प्रति द्वेष आदि को जीवन से त्यागने की प्रतिज्ञा को दोहराने का दिन है। क्योंकि इसी से जीवन में सच्चा सुख, शांति एवं तरक्की निहित है। इस दौरान सभी ने गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर महासंघ उपाध्यक्ष महेश वाल्मीकि, महासचिव सुभाष जाटव, महासंघ सुरक्षक प्रदीप कुमार, समाजसेवी अशोक धींगरा, महासंघ उपाध्यक्ष रजत कलरा, मनोज जाटव, वीर भारती गौतम, यशवंत, नीरज जाटव, रमेश चंद गौतम, इंदर सिंह कटकवाल, वेदपाल नागी, बृजेश कुमार निगम, देव जाटव, रवि गौतम, संजीव कुमार बिट्ठू, मिंटू जाटव, अशोक कुमार, अमित जाटव, सुशील कुमार, शुभम जाटव, विकास गौतम, यशपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जसपुर : बरसात से पहले नालों की सफाई शुरू



काशीपुर। डीएम, एसडीएम के निर्देश के बाद निकायों ने कीटनाशक का छिड़काव और नालों की सफाई करानी शुरू कर दी है। इससे बरसात में लोगों को जलभराव और डेंगू से निजात मिलेगी। बीते दिनों डीएम नितिन भदौरिया और एसडीएम चतर सिंह चौहान ने निकाय क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम को कीटनाशक का छिड़काव और नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नगर पालिका जसपुर और नगर पंचायत महुआडाबरा में अफसरों ने निकायों में कीटनाशक और छोटे, बड़े नालों की सफाई शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

ईओ शाहिद अली, पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट ने बताया कि नगर में पानी की निकासी चार बड़े नालों से होती है। इनके साफ न होने पर मेन बाजार, मोहल्ला जटवारा गूल, और चूने वाली गली में हल्की बारिश के बाद पानी भर जाता है। लोगों की परेशानी को देखते हुए सफाई कर्मियों की टीम को तली झाड़ सफाई के लिए लगाया है।

नगर पंचायत महुवाडाबरा में छोटे बड़े नालों की सफाई कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। अध्यक्ष गायत्री देवी ने बताया कि बारिश में बड़े नालों से बहकर पानी बाहर न आये, इसलिए बड़े नालों सफाई पहले कराई जाएगी। ईओ अदित्य जोशी ने कहा कि प्लान के तहत छोटे नालों का साफ कराया जाएगा।

## बागेश्वर में धूमधाम से मनाया नर्सिंग डे

बागेश्वर। बागेश्वर में नर्सिंग डे जिला अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने धूमधाम से मनाया। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गीता कुशवाहा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह दिन नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक नर्सिंग का जनक माना जाता है। 12 मई को ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था, इसलिए इस दिन को उनकी याद में मनाने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व युद्ध के समय फ्लोरेंस नाइटिंगेल द्वारा बीमारी की रोकथाम, घायलों का इलाज, बेहतर देखभाल इनके द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी ही तरह जिला अस्पताल में बीमार मरीजों की देखभाल नर्सों द्वारा की जाती है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारा में सजा विशाल दीवान

काशीपुर। बुद्ध पूर्णिमा और गुरु अमरदास महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित गुरुद्वारा बुड्ढा साहिब में सोमवार को भव्य दीवान सजाया गया। इसमें दूर दराज से पहुंची हजारों की संगत ने गुरु के वचनों से खुद को निहाल किया। श्री निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा साहिब जी के लेवड़ा पुल के पास गुरुद्वारा साहिब में सुबह से दीवान शुरू हो गया था। बाबा भगवंत भजन सिंह ने संगत से कहा कि गुरुओं ने धरती पर मानवता की निस्वार्थ सेवा की। इसके लिये गुरुओं ने अपने परिवार तक वार दिये थे। कहा कि बाबा बुड्ढा साहिब जी भी ऐसे ही महान गुरू थे जिन्होंने मानवता के लिये त्याग किया। उन्होंने कहा कि बाबा बुड्ढा साहिब जी के स्मरण मात्र से ही सारे दुःखों का नाश हो जाता है। भाई दर्शन सिंह बिलासपुर वाले, भाई वीर सिंह नामधारी पंजाब, कविशर भाई सरबजीत सिंह शौंकी पीलीभीत, कविशर भाई जोगी सिंह पंजाब, टाढ़ी चमकौर सिंह लखीमपुर, कथावाचक ज्ञानी हरप्रीत सिंह बिलासपुर, बाबा अमरजीत सिंह गालिब खुर्द ने अपने विचारों से संगत को निहाल किया। यहां बाबा बलजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जगतार बाजवा, दविन्दर पाल सिंह, गुरमुख सिंह, हरपाल सिंह, कुलविंदर सिंह, निर्मल सिंह, अवतार सिंह, भूपेंद्र सिंह, बलवंत सिंह आदि रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com